दिनांक : 26.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अहमदाबाद के हंसलपुर से मेड इन इंडिया बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन ई–विटारा को झंडी दिखाई ये वाहन यूरोप और जापान जैसे प्रमुख बाजारों सहित सौ से अधिक देशों में निर्यात किए जाएंगें प्रधानमंत्री ने टीडीएस लिथियम आयन बैटरी संयंत्र में हाईब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन की शुरूआत कीं इससे घरेलू विनिर्माण और स्वच्छ ऊर्जा में नवाचार को बल मिलेगां अस्सी प्रतिशत से अधिक बैटरी वेल्यू का निर्माण अब देश में ही होगां एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन पर्यावरण अनुकूल परिवहन के क्षेत्र में एक केन्द्र के रूप में उभरने और आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के प्रयासों का विशेष दिन हैं उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से भारत के बैटरी तंत्र को बहुत मजबूती मिलेगीं

000

भारतीय जनता पार्टी की ओर से विकसित राजस्थान–2047 की रूपरेखा पर आज दूसरे दिन भी मंथन किया जा रहा हैं मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हो रहे इस कार्यक्रम में पार्टी सांसद और विधायक, प्रदेश के विकास के संकल्प पर विमर्श कर रहे हैं साथ ही जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन और बजट घोषणाओं की प्रगति को लेकर चर्चा की जा रही हैं

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज एक दिन के दौरे पर कोटा पहुंचें उन्होंने दादाबाड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नये ओपीडी ब्लॉक और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण कियां वे संभागीय आयुक्त कार्यालय में आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों की समीक्षा करेंगें उनका गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम हैं

000

उदयपुर जिले के खेरवाड़ा में देर रात एक कार के नाले में गिर जाने से 3 लोगों की मृत्यु हो गईं ये हादसा लकोड़ा गांव में नाले के पास पानी के तेज बहाव के कारण कार के अनियंत्रित होने से हुआं ये लोग खेरवाड़ा से बायड़ी गांव जा रहे थें

000

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गई हैं मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 8 सेंटीमीटर बारिश राजसमंद के देवगढ़ में हुईं माउंट आबू, बिजौलिया, नीम का थाना, डूंगला, पाली, सादुलपुर और घाटोल में 5 सेंटीमीटर तक पानी बरसां मौसम विभाग ने आज जालोर, सिरोही और उदयपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं वहीं बाड़मेर, पाली, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चूरू, झुंझुनूं और अलवर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया हैं

000

कल मनाए जाने वाले गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर प्रदेशभर में तैयारियां की जा रही हैं गणपति प्रतिमाओं से बाजार सजे हुए हैं घरों में गण्पति स्थापना के लिए लोग मूर्तियां खरीद रहे हैं जगह–जगह पंडाल बनाए जा रहे हैं इस बीच, पर्यावरण के अनुकूल, मिट्टी और गाय के गोबर से बनी गणेश मूर्तियां लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं भरतपुर में एक संस्था की ओर से जुड़ी महिलाओं ने गाय के गोबर से 11 हजार प्रतिमाएं तैयार की हैं इन मूर्तियों में तुलसी, अश्वगंधा और पीपल के बीज डाले गये हैं, ताकि विसर्जन के बाद इनसे पौधे उग सकें गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में प्रदेश के सभी गणेश मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा हैं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर और प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं राजधानी जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मन्दिर में दर्शनार्थियों के आवागमन के मद्देनजर आज और कल के लिए यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं उधर, सवाईमाधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर में भरने वाला वार्षिक लक्खी मेला आज से शुरू हुआं मेले में बड़ी संख्या में पदयात्रियों के पहुंचने का सिलसिला जारी हैं वहीं, जैसलमेर में बाबा रामदेव का मेला और हनुमानगढ़ में गोगामेड़ी मेला परवान पर हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगां यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 29 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगें

000